भारत में अब तक बासमती की 45 किस्में अधिसूचित

धान की खेती के अलावा, कई उत्तर भारतीय राज्यों के किसान खरीफ मौसम के दौरान सुगंधित, लंबे दाने वाली चावल की किस्म — बासमती — भी लगाते हैं।
कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (ए पी डा) द्वारा संकलित की गई जानकारी के अनुसार, बीज अधिनियम, 1966 के तहत बासमती की कुल 45 किस्मों को अधिसूचित किया गया है।

बीज अधिनियम के तहत प्रमाणित बीज केवल अधिसूचित किस्मों के ही उत्पादित किए जा सकते हैं। इसलिए प्रमाणित बीजों की पैदावार के लिए अधिसूचना ज़रूरी है। किस्मों की अधिसूचना से किसानों को लाभ होता है क्योंकि उन्हें अधिसूचित किस्मों के सुनिश्चित गुणवत्ता वाले बीज मिलते हैं।

बासमती की अधिसूचित किस्में:

- बासमती 217
- पंजाब बासमती 1 (बौनी बासमती)
- बासमती 386
- पंजाब बासमती 2
- पंजाब बासमती 3
- बासमती 370
- हरियाणा बासमती 1
- तरावड़ी बासमती (एच बी सी 19)
- टाईप 3 (देहरादूनी बासमती)
- पंत बासमती 1 (आई ई टी 21665)
- पंत बासमती 2 (आई ई टी 21953)
- कस्तूरी
- माही सुगंधा
- बासमती सी एस आर 30

- मालवीय बासमती धान
- रणबीर बासमती
- बासमती 564
- पूसा बासमती 1
- संशोधित पूसा बासमती 1 (पूसा 1460)
- पूसा बासमती 1121
- पूसा बासमती 1509
- पूसा बासमती 6 (पूसा 1401)
- पूसा बासमती 1609
- पूसा बासमती 1637
- पूसा बासमती 1728
- वल्लभ बासमती 22
- वल्लभ बासमती 21
- वल्लभ बासमती 23
- वल्लभ बासमती 24
- पूसा बासमती 1718
- पंजाब बासमती 4
- पंजाब बासमती 5
- हरियाणा बासमती 2
- जम्मू बासमती 118
- जम्मू बासमती 138
- जम्मू बासमती 129
- जम्मू बासमती 123
- पूसा बासमती 1692
- पूसा बासमती 1847
- पूसा बासमती 1885
- पूसा बासमती 1886

- पूसा बासमती 1985
- पूसा बासमती 1979
- पूसा बासमती 1882
- पंजाब बासमती 7

बासमती की खेती के क्षेत्र

बासमती की खेती भारत में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2032-24 में बासमती चावल का निर्यात

भारत विश्व में बासमती चावल का प्रमुख निर्यातक है। कोलकाता स्थित वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एस) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2032-24 (अप्रैल-मार्च) में भारत ने लगभग 48,389.21 करोड़ रुपये (करीब 5.74 अरब डॉलर) के बासमती चावलों का निर्यात किया। देश ने 2023-24 में लगभग 52.42 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया। डी जी सी आई एस के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2023-24 में 150 देशों को बासमती चावल का निर्यात किया था। 2023-24 में मात्रा में 10.98 लाख मीट्रिक टन से सऊदी अरब, भारतीय बासमती चावल का सबसे बड़ा आयातक था। इसके बाद इराक (8.24 लाख मीट्रिक टन) और इरान (6.7 लाख मीट्रिक टन) थे।